प्रातःकाल Live

मुंबई
मंगलवार 17 मई 2022

प्रातःकाल

www.pratahkal.com / 8108603220 / pratahkal@gmail.com

# केन्द्रीय राज्यमंत्री ने ईपीएफ अधिकारियों के साथ बैठक ली




प्रातःकाल संवाददाता

**मुम्बई।** केन्द्रीय श्रम एवं रोज़गार राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने रविवार को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के ठाणे उप क्षेत्रीय कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने वहां अधिकारियों के साथ कामकाज की समीक्षा की। क्षेत्रीय कार्यालय ने गतिविधियों की एक प्रस्तुति दी।

अतिरिक्त आयुक्त और क्षेत्रीय निदेशक प्रणय सिन्हा ने उनका स्वागत करते हुए ईएसआईसी और लाभार्थियों पर इसके प्रभाव की जानकारी दी। राज्यमंत्री ने वहां कोविड के कारण जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को चेक वितरण किया। इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़े के अवसर पर उन्होंने वृक्षारोपण भी किया। निगम के वरिष्ठ अधिकारीयों को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री तेली ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ई-श्रम पोर्टल की विशेषताओं के बारे में भी बताया। साथ ही कार्यालय के कामकाज़ पर संतोष जाहिर किया।